Literacy for a Billion

Movie: 1942 A Love Story
Year: 1994

Song: Ye Kya Huvaa Chupke Se
Lyricist: Javed Akhtar

दिल ने कहा चुपके से
ये क्या हुआ चुपके से
क्यों नए लग रहे हैं
ये धरती गगन
मैंने पूछा तो बोली
ये पगली पवन
प्यार हुआ चुपके से
ये क्या हुआ चुपके से

क्यों नए लग रहे हैं
ये धरती गगन
मैंने पूछा तो बोली
ये पगली पवन
प्यार हुआ चुपके से
ये क्या हुआ चुपके से

तितलियों से सुना
तितलियों से सुना
मैंने क़िस्सा बाग़ का
बाग़ में थी इक कली
शरमीली अनछुई
इक दिन मनचला हो
भंवरा आ गया
खिल उठी वो कली
पाया रूप नया

पूछती थी कली
कि मुझे क्या हुआ

फूल हँसा चुपके से
प्यार हुआ चुपके से

मैंने बादल से कभी
ओ ...
मैंने बादल से कभी
ये कहानी थी सुनी
पर्वतों की इक नदी
मिलने सागर से चली
झूमती घूमती
हो नाचती डोलती
खो गई अपने सागर
में जाके नदी
देखने प्यार की
ऐसी जादूगरी
चाँद खिला चुपके से
प्यार हुआ चुपके से

क्यों नए लग रहे हैं
ये धरती गगन
मैंने पूछा तो बोली
ये पगली पवन

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.